
DR. MANDA JAGANNATH : What is wrong in it?

MR. CHAIRMAN : Please don"""""t argue. You substantiate your point.

SHRI KHARABELA SWAIN : It has not percolated down to the poorest of the poor of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. Should it not go to them? So, my suggestion is let there be a creamy layer among the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes.

SHRI KODIKUNNIL SURESH (ADOOR): No.

SHRI KHARABELA SWAIN : The same reservation should continue. But those people who have become Class I Officers, Ministers and M.Ps, their children should not get.

SHRI KODIKUNNIL SURESH : At present, there is mention about reservation under Article 334.

MR. CHAIRMAN : I will allow you also to speak please.

SHRI KHARABELA SWAIN : I am not yielding. It has now become a question of vested interest... (Interruptions).. Now, the question of reservation. It has become a part of vested interest in this country. Everybody now wants to get into the reserved category. All those people and castes who never belonged to the Scheduled Caste or Scheduled Tribe or Backward Class are now vying with each other to get into that List. You see the List of the number of castes, those who were included in the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe categories 50 years ago and, now you see the List today. If it was 1,000 castes 15 years ago, it has now gone up to 5,000. I know in Orissa, there is a caste called Radhi. They are used to prepare the flattened rice which we call Chuda in Orissa. When they were offered 50 years back that they could be included in the Scheduled Caste category, they refused. They said "No. We cannot be equated with the Scheduled Castes." But now after 30 or 40 years, they filed a case in the Supreme Court demanding that they should be included in the Scheduled Caste"""""s list and now they have become Scheduled Castes. Take the example of my own caste. I belong to Khandait community. I do not know whether I am forward or backward because in Orissa, I belong to a backward community and the Central Government has not accepted us as a backward community. As far as the Centre is concerned, I belong to forward community. So, I am backward in my State. I am forward in the Centre. So, I do not know the status of my caste people because their numbers are very high. They are now demanding that they should be included in the list of backward castes. They belong to OBCs now. They also want reservation. So, the question of super specialisation is raised as to why the Supreme Court has denied any reservation. Suppose, I belong to a backward caste and a person has become a doctor from my community taking advantage of reservation. If I find that he is a bad doctor, should I go to him? If a Scheduled Caste person is an engineer and he is not proving to be good, will any Scheduled Caste or Scheduled Tribe go to him?... (Interruptions) I mean to say that if from my community anybody is good, I will go to him.

DR. MANDA JAGANNATH : He has insulted the community. He should take back his words. He should withdraw his words. ... (Interruptions) He has insulted the Scheduled Caste, Scheduled Tribe and the backward class doctors and he has called them bad doctors. ... (Interruptions)

SHRI KODIKUNNIL SURESH : He is insulting the Scheduled Caste doctors and engineers.

DR. MANDA JAGANNATH : You are insulting these communities. There are many very good doctors and engineers from these communities. ... (Interruptions)
MR. CHAIRMAN : Dr. Jagannath, please sit down.

... (Interruptions)

DR. MANDA JAGANNATH : He has insulted the communities. He should apologise. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Swain, please conclude now.

... (Interruptions)

DR. MANDA JAGANNATH : It is very bad on his part.

SHRI KHARABELA SWAIN : Sir, my own private doctor belongs to a Scheduled Caste. ... (Interruptions)

DR. MANDA JAGANNATH : How can you say that? ... (Interruptions) He has got every right to have a doctor of his choice. Why should he go to that doctor? ... (Interruptions)

SHRI KHARABELA SWAIN : Sir, I have not insulted anybody.

MR. CHAIRMAN: Please come to the point.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Dr. Jagannath, please take your seat.

DR. MANDA JAGANNATH : He must withdraw his words. He has insulted the community. He has insulted the Scheduled Castes. He should withdraw those words.

SHRI KHARABELA SWAIN : My own family doctor belongs to a Scheduled Caste. ... (Interruptions)

DR. MANDA JAGANNATH : How can you say that? You have got every right to go to any doctor. Who asked you to go to a Scheduled Caste doctor? ... (Interruptions)

SHRI KHARABELA SWAIN : They are trying to say that there is nothing like merit. I do not agree with that. Merit has got its own value.

DR. MANDA JAGANNATH : In India, there are universities where Professors interview the candidates. ... (Interruptions)

SHRI KHARABELA SWAIN : I am not yielding, but he is not allowing me to speak.

MR. CHAIRMAN: Dr. Jagannath, you will also get a chance.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Swain, please wind up now.

SHRI KHARABELA SWAIN : Sir, I seek your protection. What sort of behaviour is this? ... (Interruptions) He can speak later. I am not insulting anybody. Why should I insult anybody? I have 25 % Scheduled Caste people in my constituency. ... (Interruptions)

DR. MANDA JAGANNATH : He has said that Scheduled Caste doctors are bad doctors. He must withdraw those words. He must apologise. ... (Interruptions)

SHRI KODIKUNNIL SURESH : In your speech, you insulted the Scheduled Caste communities.

SHRI KHARABELA SWAIN : Sir, I will also say that the agony of the person who belongs to the general category, when, after two or three years, he finds that his subordinates - because he belongs to some other category - surpass him should also be understood. It is not that agony belongs only to a class of people. It is not like that. Agony belongs to everybody. ... (Interruptions)

Merit has its own value. So, the `creamy layer""""" aspect should also be taken into consideration and the benefit that is going to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes should percolate down to the poorest of the poor of the same community. A time-frame should be fixed so that we can see an end to this system of reservation as we have seen an end to reservation in the case of the hon. President Shri K.R. Narayanan and the hon. Speaker Shri Balayogi.

कुमारी मायावती (अकबरपुर): माननीय सभापति जी, आज कानून मंत्री महोदय ने भारतीय संविधान में और संशोधन करने के लिए चौरासीवां संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है, मैं उसके समर्थन में खड़ी हुई हूं। मुझ से पूर्व इस विधेयक के बारे में बहुत सी बातें कहीं गयी हैं। आरक्षण के बारे में कहा जाता है कि आरक्षण की कोई समय सीमा होनी चाहिए और समय सीमा निर्धारित करके आरक्षण को जल्दी ही समाप्त करना चाहिए। इस किस्म की सोच रखने वाले जो हमारे सांसद हैं, उन्हें यह समझना होगा कि इस देश में आरक्षण की जरूरत क्यों पड़ी। आरक्षण की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि इस देश में सामाजिक गैर-बराबरी लम्बे समय से बनी हुई है और आज भी जिंदगी के हर पहलू में खामियां नजर आती हैं। उस गैर-बराबरी को दूर करने के लिए समय-समय पर हमारे महान पुरूषों ने काफी संघर्ष किया है। महात्मा ज्योति राव फूले, छत्रपति साहूजी महाराज, परम पूज्य बाबा साहेब डा.अम्बेडकर जी, पेरियार जी और अन्य महापुरूष तथा गुरू हुए हैं जिन्होंने समय-समय पर इस देश से सामाजिक गैर-बराबरी को दूर करने के लिए संघर्ष किया है, उनके संघर्ष के कारण ही थोड़ा बहुत अनुसूचित जाति और जननजाति के लोगों को आरक्षण के रूप में कुछ मिल रहा है,

वास्तव में यह उनकी देन है। परम पूजनीय डा. बाबा साहब अम्बेडकर ने भारतीय संविधान बनाते समय इस बात को गंभीरता से लिया और संविधान बनाने वाली कमेटी के सामने यह गैर-बराबरी वाली बात रखी। मैं आपके माध्यम से इस सदन को बताना चाहूंगी कि जब तक इस देश में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक गैर-बराबरी रहेगी, तब तक इस देश में रहने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों, इस समाज के दबे-कुचले लोगों को इसकी जरूरत महसूस होती रहेगी। इस देश में यह आरक्षण की जरूरत इसलिये पड़ी है क्योंकि यहां पर गैर-बराबरी सामाजिक व्यवस्था है। भारतीय संविधान में इन लोगों को जिन्दगी के हर पहलू में आगे बढ़ावा देने के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गई है। हमें इस बात को गंभीरता से सोचना होगा कि जब से संविधान में इनके आरक्षण के लिये व्यवस्था की गई है, तब से क्या अनुसूचित जाति और अनुसूचित जननजाति के लोगों को जिन्दगी के हर पहलू में आरक्षण मिल रहा है, मैं समझती हूं कि यह नहीं मिल रहा है। जब हर दस साल के बाद आरक्षण की अवधि बढ़ाने की बात आती है तो मुझे मालूम है कि हर पार्टी के नेता अपने राजनैतिक स्वार्थ के कारण इस विधेयक का समर्थन करते हैं। जब भी दस साल पूरे हो जाते हैं और संशोधन विधेयक आता है तो हर पार्टी के नेता अनुसूचित जाति और अनुसूचित जननजाति के लोगों के वोट लेने के लिये अपने दिल पर पत्थर रखकर जरूर इसका समर्थन करते हैं। वे लोग दिल से नहीं चाहते कि यह आरक्षण जारी रहे और इसकी कंटिन्यूटी बनी रहे। इसलिये मैंने यह बात क्यों कही क्योंकि यदि हर पार्टी के लोग चाहे कि आरक्षण का लाभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जननजाति के लोगों को पूरा मिले तो मैं समझती हूं कि यदि उनकी नीयत साफ है तो उनको आरक्षण का लाभ पूरा मिल सकता है।

सभापति महोदय, आजादी के बाद केन्द्र और राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बनीं। कुछ समय तक गैर-कांग्रेसी सरकारें भी रहीं और कुछ समय तो मिली-जुली सरकार भी रही, चाहे वह केन्द्र में रही हो या राज्य में रही हो, किसी पार्टी ने भी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जननजाति के आरक्षण कोटे को पूरा नहीं किया है। यही कारण है कि जब भारतीय संविधान का निर्माण हो रहा था तो उनकी मंशा यह नही थी कि आरक्षण कंटीन्यू रहे। वे चाहते थे कि जिन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जननजाति के लोगों को जिन्दगी के हर पहलू में गिराया गया है, पछाड़ा गया है तथा सामाजिक गैर-बराबरी के चलते ऐसे लोगों को आरक्षण दिया जाये। जिस पार्टी की सरकार बनती है, वह साफ नीयत से यह कोटा पूरा करें ताकि जल्द से जल्द वे लोग अपने स्थान पर खड़े हो सकें। यह मंशा भारतीय संविधान निर्माताओं की थी। शुरु में जो अवधि रखी थी, संविधान बनने के बाद यदि आप उस अवधि के अंदर काम करते तो सरकार चलाने वालों की नीयत साफ होती, और पहले दस साल के अंदर विशेष अभियान चलाकर आरक्षण के कोटे को पूरा कर दिया जाता तथा जो अधिकारीगण या जिस महकमे के लोग आरक्षण का कोटा पूरा नहीं करते, यदि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए पूर्व की सरकारें कुछ कानून बनाती तो मैं समझती हूं कि पहले दस साल में ही आरक्षण का कोटा पूरा हो जाता। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि हम जब शेडयूल्ड कास्टस और शेडयूल्ड ट्राइब्स के लिए आरक्षण की बात करते हैं तो बहुत से लोगों को तकलीफ होती है, अपर कास्टस के लोगों को तकलीफ होती है कि इन्हें यह लाभ क्यों मिल रहा है। लेकिन हम अनुसूचित जननजाति के लोग नहीं चाहते कि हमें यह खैरात मिले, बशर्ते कि आप लोग अपनी मानसिकता में तब्दीली कर लें। यदि अनुसूचित जाति और जननजाति के लोगों को अपर कास्टस की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दें, सामाजिक बराबरी पर लाकर खड़ा कर दें, आर्थिक असमानता को दूर कर दें, सामाजिक गैर-बराबरी को दूर कर दें तो हमें यह खैरात नहीं चाहिए। मै बताना चाहती हूं कि जब तक इस देश के अंदर सामाजिक गैर-बराबरी रहेगी, आर्थिक गैर-बराबरी रहेगी, शैक्षणिक गैर-बराबरी रहेगी, तब तक इस देश के अंदर अनुसूचित जातियों और जननजातियों के करोड़ों लोगों को आरक्षण की जरूरत महसूस होती रहेगी।

सभापति महोदय, मैं आरक्षण के बारे में एक बात और कहना चाहूंगी। मैंने पिछली सरकार के दौरान भी कहा था कि आरक्षण के मामले में कभी राज्यों की सरकारें और कभी केन्द्र की सरकारें दखलंदाजी करके आरक्षण को निष्प्रभावी बनाने की कोशिश में लगी रहती है। मैंने पिछली सरकार के दौरान कहा था कि आरक्षण का पूरा लाभ अनुसूचित जातियों और जननजातियों को मिलता रहे, इसमें कोई छेड़छाड़ न की जाए तथा इसके लिये आरक्षण को भारतीय संविधान की ९वीं अनुसूची में रखा जाए। इस बारे में माननीय कानून मंत्री जी को माननीय सभापति जी के माध्यम से कहना चाहूंगी कि आप कानून के बहुत बड़े विशेषज्ञ हैं और आपने शुरू में ही इस प्रस्ताव, इस विधेयक को प्रस्तुत करते हुए यह कहा था कि हम शेडयूल्ड कास्टस और शेडयूल्ड ट्राइब्स के वैलफेयर के लिए एक सम्मेलन करेंगे जिसमें शेडयूल्ड कास्टस और शेडयूल्ड ट्राइब्स के मैम्बर पार्लियामैंट हैं तथा बुद्धिजीवी तबके के लोगों की राय लेकर हम इनके वैलफेयर के लिए कदम उठाना चाहेंगे, मैं समझती हूं कि यह आपका एक अच्छा सुझाव है, इसका मैं समर्थन करती हूं और आपने जो संविधान संशोधन विधेयक रखा है, मैं इसका समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं, लेकिन इसके साथ ही साथ मैं यह भी प्रार्थना करती हूं कि किसी भी प्रदेश में, किसी भी पार्टी की सरकार या केन्द्र सरकार आरक्षण के मामले में या आरक्षण को निष्प्रभावी बनाने के लिए कोई दखलंदाजी न कर सके, इसके लिए आप भारतीय संविधान की ९वीं अनुसूची में इसे रखने के लिए भी विधेयक लायें। मैंने २२ तारीख को जब इस सभा में स्पीकर पद के लिए चयन हो रहा था, उस मौके पर भी यह कहा था कि आरक्षण के मामले में कभी सुप्रीम कोर्ट दखलंदाजी करती है और कभी निचली अदालतें दखलंदाजी करती हैं जिसके कारण आरक्षण का पूरा लाभ अनुसूचित जाति और जननजातियों के लोगों को नहीं मिल रहा है। मैंने उस दिन स्पीकर महोदय से प्रार्थना की थी कि आप माननीय प्रधान मंत्री जी से बातचीत करें और मेरी कानून मंत्री जी से भी यह प्रार्थना है कि आप भी माननीय प्रधान मंत्री जी से इस बात के ऊपर बड़ी गंभीरता से विचार करें कि समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट और निचली अदालतें आरक्षण के मामले में दखलंदाजी करती हैं और आरक्षण को निष्प्रभावी बनाया जाता है तो उससे शेडयूल्ड कास्टस और शेडयूल्ड ट्राइब्स के लोगों को बहुत तकलीफ होती है और उन्हें फिर सड़कों पर उतरना पड़ता है, उनको एजीटेशन करना पड़ता है। इसलिए मैं चाहती हूं कि इस मामले पर माननीय प्रधान मंत्री जी से बात करके वह एक ऐसा विधेयक लायें जिससे सुप्रीम कोर्ट और निचली अदालतें इसमें दखलंदाजी न कर सकें, मैं ऐसा समझती हूं कि इसके बारे में आप गंभीरता से जरूर सोचेंगे। ज्यादा समय न लेते हुए मेरा आपसे पुनः यही कहना है कि हर महकमे में आरक्षण का कोटा पूरा करने के लिए आपको एक विशेष अभियान चलाना चाहिए।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों को ऊपर उठाने के लिए एक विशेष अभियान के तहत, टाउम बाऊंड प्रोग्राम बनाकर यह निश्चित करना पड़ेगा कि इतने समय में उनके आरक्षण का कोटा पूरा कर दिया जाएगा और जो अधिकारी आरक्षण का कोटा पूरा नहीं करेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जब तक आप ऐसा नहीं करेंगे और सख्त कार्रवाई करने के लिए कोई स्टैप्स नहीं उठाएंगे, तब तक उनका कोटा पूरा नहीं होगा।

सभापति महोदय, मुझे ऐसा लगता है कि १० साल के बाद, भले ही आप मंत्री न रहें आपके स्थान पर दूसरे मंत्री जी आएं, उनको भी संविधान संशोधन विधेयक लाने पर िववश होना पड़ेगा। इसलिए मेरा कहना है कि आरक्षण की अवधि को बढ़ाने के लिए फिर से विधेयक न लाना पड़े उसके लिए यह जरूरी है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों का आरक्षण कोटा पूरा करने के लिए आप साफ नीयत से एक विशेष आरक्षण अभियान चलाएं। मैं विशेष रूप से राज्य सभा और प्रदेश की विधान परिषदों के बारे में कहना चाहती हूं कि वहां भी यह कोटा लागू किया जाए। वर्तमान में, लोक सभा तथा प्रदेशों की विधान सभाओं में यह लागू है, लेकिन राज्य सभा एवं विधान परिषदों में लागू नहीं है। इसलिए वहां भी इसे तुरन्त लागू किया जाए। इस बारे में मंत्री जी आप सोच-विचार करें कि जब लोक सभा और विधान सभाओं में उनके लिए आरक्षण है, तो राज्य सभा और विधान परिषदों में क्यों नहीं है। मेरा आग्रह है कि वहां भी इस व्यवस्था को लागू किया जाए और इसके लिए आपको अलग से एक विधेयक लाने की कोशिश करेंगे, ऐसी मुझे उम्मीद है।

सभापति महोदय, इन्हीं लफ्नों के साथ, मैं ज्यादा समय न लेते हुए, मुझसे पूर्व वक्ताओं और विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने जो विचार यहां व्यक्त किए हैं और जो ख्यालात रखे हैं, उनके ख्यालात से अपनी सहमति जताते हुए, जो बातें मैंने यहां रखी हैं, मुझे उम्मीद है कि आप उनकी तरफ विशेष ध्यान देंगे। मैं सभापति महोदय, आपके माध्यम से उन दो बातों को विशेष रूप से दोहरा देना चाहती हूं और पुनः कानून मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि यदि आपकी नीयत साफ है और सरकार सच्चे दिल से अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को ऊपर उठाना चाहती है और उनको आरक्षण का पूरा लाभ देना चाहती है, तो आरक्षण में न केन्द्र सरकार, न कोई राज्य सरकारें और न सुप्रीम कोर्ट तथा निचली अदालतें किसी तरह की दखलंदाजी करें। इस हेतु आरक्षण के मामले को भारत के संविधान की नौवीं अनुसूची में लाएं।

इसके साथ-साथ आप एक और ऐसा विधेयक लाएं जिसमें यह मेंशन किया जाए कि संविधान में जो व्यवस्था की गई है उसके अनुसार हर महकमे में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के आरक्षण को निष्प्रभावी बनाने के लिए न तो कोई सुप्रीम कोर्ट दखलंदाजी देगा और न कोई निचली अदालतें उसमें अड़ंगा लगाएंगा।

सभापति महोदय, चूंकि आपने घंटी बजा दी है और यह इंडीकेट कर दिया है कि बोलने का समय समाप्त हो गया है, इसलिए मैं इन्हीं लफ्नों के साथ अपनी बात समाप्त करना चाहूंगी। क्योंकि अगर मैं मनुवादी व्यवस्था पर कुछ बोलूंगी, तो सत्ता पक्ष के लोग चीखेंगे, लेकिन मैं बता देना चाहती हूं कि मनुवादी व्यवस्था के कारण ही आज अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों की ऐसी हालत हुई है जिसके कारण उनके लिए आरक्षण की व्यवस्था करनी पड़ी। मुझे विश्वास है कि आरक्षण को पूरा करने के लिए आप स्पैशल स्टैप्स उठाएंगे। इन्हीं लफ्नों के साथ मैं आपसे विदा लेना चाहूंगी।

श्री राम सागर (बाराबंकी) : अधिष्ठाता महोदय, कानून मंत्री के पद से आज जो ८४वां भारतीय संविधान संशोधन विधेयक और संविधान के अनुच्छेद ३३४ में संशोधन का जो विधेयक आया है मैं समाजवादी पार्टी की ओर से उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

संविधान में जो सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक आरक्षण की व्यवस्था की गई थी, जिसके लिए एक समय सीमा बांधी गई थी कि जो लोग पीछे हैं, उन्हें विशेष अवसर देकर सामाजिक, राजनैतिक स्तर पर बराबर का दर्जा देंगे, हमें इस बात का खेद है और सदन को भी इस बात की चिन्ता है कि वास्तव में देश के अंदर जो व्यवस्था बनाई गई थी, यदि संविधान में नेकनीयती से कार्य किया गया होता और उनकी सुविधा का दोष न किया गया होता तो जो दस-दस वर्ष में संविधान में संशोधन और आरक्षण की समय अवधि बढ़ाई जाती है, शायद उसकी आवश्यकता न पड़ती। जिस बात के लिए उन्हें विशेष अवसर दिया गया था, चाहे अनुसूचित जाति या जनजाति के भाई हों, आज भी उनके पास न मकान है, न पीने का पानी है और शिक्षा के मामले में भी उनका स्तर बहुत पीछे है। यदि हम कहेंगे तो शायद सत्ता पक्ष के लोग कहेंगे कि ि वषयांतर किया जा रहा है। हमारे यहां अनुसूचित जाति के लोगों को इंदिरा आवास की जो सुविधा दी गई थी, २०,००० रुपये में घर बनाने की बात कही गई, वहां की भारतीय जनता पार्टी की सरकार, जिसमें आपके यहां से ज्यादा मंत्री हैं, हर मकान पर पांच से दस हजार रुपये तक की कमीशन ले रहे हैं। इतना बड़ा करप्शन है। यही नहीं, उनको बैंकों से जो वित्तीय सहायता दी जा रही है, कानून मंत्री जी, उसमें दस प्रतिशत से तीस प्रतिशत तक कमीशन खुले आम लेते हैं। जब उनकी सुविधा में इस प्र ाकार का दोष होगा, सरकार की नीयत ठीक नहीं होगी, अधिकारियों की नीयत ठीक नहीं होगी तो ठीक से सुविधा कैसे पहुंचाई जा सकती है। हमें इस बात को भी सोचना पड़ेगा।

जहां तक सरकारी नौकरियों का सवाल है, तमाम जगह यह लिख दिया जाता है कि सूटेबल कैन्डीडेट नहीं मिल रहे हैं इसलिए उनकी जगह पर जनरल कर दिया जाए। जो संस्थागत स्कूल हैं, ऐडेड हैं, उनमें चपरासी की जगह की पूर्ति नहीं हो पा रही है, बड़ी नौकरियों में तो जाने दीजिए। मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि ऐसे पेशों में जो लोग लगे हुए हैं और उनकी तरक्की के लिए जो सुविधा दी गई है, अभी हमारे वरिष्ठ साथी बोल रहे थे,

उनकी जो वित्तीय सहायता है, वह कई बार लैप्स हो चुकी है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि इनको जो विशेष अवसर मिला है, उसका उनको समुचा लाभ नहीं मिल रहा है तो समयबद्ध इनमें तरक्की या समानता कैसे आ सकती है? इसलिए हाउस में मुझे कहना पड़ रहा है कि जब तक भूखा इंसान रहेगा, धरती पर तूफान रहेगा। यह आरक्षण आपको बार-बार बढ़ाना पड़ेगा। यह आपके लिए सुनहरी अवसर नहीं है। मंत्री जी आप यह मानकर मत चलिये कि यह मेरा सौभाग्य है कि संविधान के द्वारा हम उनकी व्यवस्था करने जा रहे हैं। यह सौभाग्य नहीं, दुर्भाग्य है कि समयबद्ध ढंग से यह काम नहीं हुआ। इसको आप अपना सौभाग्य मत समझिये, यह हमारे हाउस के लिए एक चिन्ता का विषय है कि जो चरणबद्ध तरीके से हम योजनाएं बनाते हैं, उन योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंचाते हैं।

करप्शन राक्षस की तरह से हमारे अनुसूचित जाति के भाईयों को जो सुविधाएं मिली हैं, उन किस तरह से नोंच खा रहा है, चिन्ता का विषय यह है। यही नहीं, बल्कि मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो आदिवासी इलाके हैं, वहां आज भी लोग नाले का पानी पीते हैं, नदियों का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। आज झुग्गी-झोंपड़ियों का इन्तजाम ठीक नहीं है, इसलिए हमें आज यह कहना पड़ रहा है कि इन सारी चीजों की पूर्ति के लिए यह संविधान संशोधन अत्यावश्यक है।

अभी जो पंचायतों में एक व्यवस्था की गई थी कि अनुसूचित जाति के लिए और जनजाति के लिए चाहे प्रधान हो, ब्लॉक प्रमुख हो चाहे जिला पंचायत का अध्यक्ष हो, उसमें आरक्षण की व्यवस्था हो। वह व्यवस्था हमारे यहां, उत्तर प्रदेश में और कई सूबों में की भी गई थी। अभी उसमें कई कार्नर से कुछ बात आई, एक सुप्रीम कोर्ट की बात आई। यही नहीं, कई कार्नर से पूरे देश में इस बात की साजिश हो रही है कि इनके लिए जो विशेष अवसर है, वह समाप्त हो, इसलिए यह सदन के लिए चिन्ता का ि वषय है। जिस पवित्र मंशा से हम पूरे समाज को एक समान अवसर देना चाहते थे, समान तरक्की देखना चाहते थे, आज हम उनको समान तरक्की के अवसर नहीं दे पा रहे हैं, इसलिए यह हमारे लिए चिन्ता का विषय है।

आज यहां पर हमारे तमाम सम्मानित नेताओं ने, तमाम सम्मानित सदस्यों ने जो विचार व्यक्त किये हैं, मैं अपने को उनसे सम्बद्ध करते हुए कानून मंत्री जी की तरफ से जो यह संविधान संशोधन बिल लाया गया है, समाजवादी पार्टी की ओर से मैं उसका भरपूर समर्थन करता हूं।

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : सभापति महोदय, आपने संविधान के ८४वें संशोधन विधेयक, १९९९ पर मुझे बोलने का जो अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

संविधान का यह ८४वां संविधान संशोधन विधेयक, १९९९ में अनुच्छेद ३३४ में संशोधन कर ५० वर्ष की जगह पर ६० वर्ष करने के लिए यह संविधान संशोधन विधेयक आया है। चारों तरफ के सभी पक्षों के माननीय सदस्यों ने यह स्वतंत्रता के ५०वें वर्ष में, जो स्वर्ण जयन्ती वर्ष के अवसर पर लक्ष्य रखा गया, जिस प्रकार से संविधान में राजनैतिक रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों के लिए लोक सभा में और विधान सभाओं में आरक्षण की व्यवस्था की गई, उसमें और दस वर्ष बढ़ाने की बात अभी आई है। मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी जनता दल (यूनाइटिड) की ओर से उसका भरपूर समर्थन तो करता ही हूं, लेकिन सभापति महोदय, आपके माध्यम से सरकार का ध्यान खींचना चाहता हूं कि जिस प्रकार से आज देश की स्थिति है, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग जो वंचित हैं संविधान और नीति के तहत जो अन्य क्षेत्रों में, नौकरियों में आरक्षण दिया गया है, जिसमें प्रमोशन जैसे सवाल पर चारों तरफ से हमला हुआ, उसको कतिपय माननीय सदस्यों ने रेखांकित करने की कोशिश की है। मद्रास उच्च न्यायालय, बम्बई उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में हुए फैसलों पर भी यहां चर्चा हुई है।

सभापति महोदय, मैं आपके जरिए मंत्री जी का ध्यान खींचना चाहता हूं कि हाल के दो-तीन वर्षों में आरक्षण में प्रमोशन और अन्य क्षेत्रों के बारे में जो विरोध उत्पन्न हुआ है, उसके लिए सदन में अलग से विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। आजादी के ५० वर्ष पूरे होने के बाद भी हमारे जो लक्ष्य हैं, संविधान के अनुरूप जो प्रावधान किया गया था

और भारतीय गणराज्य के जो लोग उससे वंचित हैं, उनको समान अवसर देने का मौका मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पाया। इन ५० वर्षों में जो भी शासन में रहे हैं वे उन लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सके और विभिन्न तौर से उनको डायलूट करने की बातें की गईं। इस पर एक सम्यक निर्णय हो सकता था, वह नहीं हुआ। जैसा अभी राम सागर जी बता रहे थे कि लिख दिया जाता है कि सूटेबल कैंडिडेट नहीं है इसलिए दूसरे कैंडिडेट को ले लिया जाता है। मैं चाहता हूं कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के लिए आरक्षण का प्रावधान संविधान के नौवें अनुच्छेद में रखने का एक प्रस्ताव इस सदन में लाया जाए और इसे नौवें शिडयूल में रखा जाए, ताकि कहीं भी ठअगर''''''''' या ठमगर''''''''' न लग सके। इस तरह से अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के लिए जो आरक्षण की व्यवस्था की गई है वह निश्चित रूप से नौवें शिडयूल के डंडे से, संविधान के डंडे से जमीन पर उतारी जा सकती है और सभी वंचितों को मौका मिल सकता है।

मैं तो यह भी कहना चाहता हूं कि संविधान में संशोधन करके न्यायपालिका में भी आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए, जो आजादी के स्वर्ण जयंती वर्ष तक नहीं हो पाई है। मैं संविधान के ८४वें संशोधन का पुरजोर समर्थन करता हूं और आपके जरिए फिर एक बार कानून मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से आरक्षण पर चौतरफा ठअगर''''''''' और ठमगर''''''''' लिखा जाता है, वह नहीं होना चाहिए। न्यायपालिकाओं के जो जजमेंट आए हैं, जैसा कई माननीय सदस्यों ने बताया कि कई राज्य सरकारों ने उसके इम्प्लीमेंटेशन में भेदभाव किया है, बिहार में प्रमोशन में आरक्षण को खत्म कर दिया गया है। जेठमलानी जी, आप एक सक्षम विधिवेत्ता हैं, देश के जाने माने वकील हैं, हम आपको इस संविधान संशोधन के लाने पर बधाई देते हैं। आपने मंडल कमीशन जैसे मामले में दायर मुकदमे में वकालत करके गरीबों की लड़ाई जीतने का काम किया था इसलिए हम आपसे अनुरोध करना चाहते हैं कि आरक्षण में प्रमोशन और उसके इम्प्लीमेंटेशन में जहां-जहां कमियां हैं, वे दूर की जाएं और इसे संविधान के नौवें शिडयूल में रखा जाए तथा ठअगर''''''''' और ठमगर''''''''' के ऊपर चर्चा करके उसका समाधान किया जाए। जिससे इन लोगों के लिए विशेष अवसर के सिद्धांत को अमलीजामा पहनाया जा सके।

अंत में फिर एक बार इस संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI KODIKUNNIL SURESH (ADOOR): Mr. Chairman, Sir, I rise to support this Bill. We are discussing the extension of reservation to Scheduled Castes and Scheduled Tribes both for Lok Sabha and Vidhan Sabhas. There is a long-pending demand from these communities demanding reservation of seats in the Rajya Sabha and the State Legislative Councils. But no action has been taken so far. It is a long-pending demand.

I have listened to the speeches in the House. During the last 19 months, the atrocities on people belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and minorities are on the higher side. These communities are in great danger. I request the Government to take immediate steps to protect the people belonging to these communities.

There was a proposal for setting up special courts for dealing with atrocities on Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I request the hon. Minister to consider setting up of special courts for this purpose.

The constitutional safeguards for special recruitment for filling up the vacancies in the State Governments as well as in the Central Government are not being properly followed. Timely action has not been taken to fill up the vacancies reserved for people belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. I would request the Government to uphold the constitutional obligations and fill up the vacant posts meant for these people through a special recruitment drive at the level of the State Governments and the Central Government.

Recently, there was a court verdict concerning the promotion of employees belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes in the departments of the Central Government. It has gone against the constitutional obligation to uplift the officials belonging to these castes. The Government may consider measures through a special amendment to remove the bottlenecks and hurdles coming in the way due to that judgment of the court.

The surplus land in the States is not being allotted to the deserving people belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes. The Government may strictly implement the Land Reforms Act and allot such land to the poor people belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes.

The funds allotted for Scheduled Castes and Scheduled Tribes are not being properly utilised. The Government may consider measures to see that such funds are not misutilised.

With these words, I support this Bill once again.

DR. SAROJA V. (RASIPURAM): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much for giving me this opportunity to place a few facts on the floor of this august House.

1454 hours (Shri Somnath Chatterjee in the Chair)

At the outset, I rise here to support this Bill. I am very glad that in the Address by the President of India to the Parliament on 25th October, we have committed to safeguard the interests of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Backward Classes. And we are determined to wipe out the last vestige of untouchability from our society. The reservation for Scheduled Castes and Scheduled Tribes will be extended for another 10 years and the reservation percentage above 50 per cent, followed by some States, will be sanctified through legislative measures.

Sir, I have a few points in mind, especially when I am taking part in this debate. Fifty years after Independence, this depressed, less privileged community has not even attained ten per cent of the constitutional rights. The Constitution empowers them with 22.5 per cent but I am sorry to state that we have not even achieved ten per cent.

Here the Amendment says that in Article 334 of the Constitution of India, that for the words `fifty years''''''' the words `sixty years''''''' shall be substituted. I would like to know from the hon. Minister what is the strategy that the Government has adopted for filling the backlog that we have already got. What are the modalities that they are going to modify in the implementing procedure that within a given period of time they are going to achieve cent-percent reservation for the SCs and STs? Where is the bottleneck? Why is there a delay? Why are there depressed classes still? They are economically, socially and politically deprived and still more deprived. Has the Government analysed this aspect? I would urge upon the Government to place the facts before this House and I would request the hon. Minister to come out with a positive solution and the steps to be taken by this Government in his reply.

Sir, the question of extending the reservation for another ten years is in piecemeal. I urge upon the Government to extend the reservation policy for another fifty years. At least, let me see that in another fifty years, this depressed community is going to get the benefits which the framers of the Constitution of India empowered them with.

Sir, I have my own doubts. According to the Observer Statiscal Book 1998, the population of SCs and STs was 20,59,81,000. Is it their population as on date? When was it updated? When was the census of SCs and STs last conducted? I would like the hon. Minister to come out with these facts in his reply. If it is the census according to the 1991 Census then the reservation should be based on the census and also on population. If it is to be based on the population then the first step that the Government has to take is correcting and updating the census of SCs and STs. Sir, in my view, it is the failure on the part of the Government that they have not updated the census of SCs and STs and were not able to come to a definite conclusion and take effective measure for this depressed community.

Sir, in the Bill, it is stated that the reservation is only for ten years. In case the Bill gets passed because of the consensus here in this House, how is it that within ten years the Government is going to complete the reservation at all levels, I repeat, `at all levels'''''''?

15.00 hrs.

So, reservation should be given not only in the Legislatures but also in Government institutions and services. I appeal to this august House to think over this sensitive issue and have a sympathetic consideration and analysis on this crucial point. I request the leaders in the Opposition, cutting across party line, to come to a consensus on this sensitive issue.

Regarding reservation in educational institutions, the hon. Supreme Court has given an order now. It says it is based on merit. Can the hon. Supreme Court define `merit'''''''? If it is going to define the merit, then it is all right. Otherwise, if it is only a word that merit is going to be the gadget for reservation in higher education, especially, in medical, science and technology, and engineering, then, I want the hon. Minister to define this. On this matter, there should not be any encroachment from the judiciary. I urge upon this august House to have a consensus. There should not be any encroachment from any quarter on this sensitive issue.

The Constitution provides for reservation to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes at all levels but it is a pity that there is not even a single judge belonging to the Scheduled Caste and Scheduled Tribe community in the Supreme Court.

Sir, representation to Dalits in higher offices, Government services and judiciary is being denied continuously despite the fact that the Constitution does guarantee for such a reservation. It will be quite proper to quote article 14, 16 and 16 (4a) of the Constitution of India. Sir, with a painful heart, I stand before you. There are many atrocities being committed on dalits. I request the hon. Minister to prepare a State-wise White Paper on the atrocities being committed on dalits during the last 10 years, and place it on the Table of the House. An Action Taken Report may also be placed on the Table of the House. It should be corrected periodically, then and there. A separate Judicial Commission should be constituted to inquire into these aspects on sympathetic grounds.

I am very proud to say that when my leader, Dr. Puratchi Thalaivi was the Chief Minister of Tamil Nadu from 1991 to 1996, she drew up a 10-point programme for the economic empowerment of women, for their education, and for the political empowerment of dalits. Now, I am proud to say that because of my leader'''''''s effort, in Tamil Nadu dalits are growing fast in all aspects. Will that be a model for all the States of the country?

Before I conclude, I would like to mention only one point. As far as the reservation policy is concerned, especially in the Group I services of the Government - it is all right for the lower categories of Group IV, III and II - though special training is given for the dalits, there should be some modification in implementing this reservation policy, because all the States are not following it. Of course, in Tamil Nadu, we are doing it. But other States are not following it because of the bureaucrats. Either they are not following it or are they not able to deliver the goods at the ground level. I request the hon. Minister to come out with positive solutions to all these problems.

Many schemes are formulated for the deprived sections. But to what extent, are they being implemented at the ground level? Is there any monitoring cell to assess the percentage of benefits that reach the ground level? No, so far, there is no monitoring cell.

There is no Monitoring Cell, there is no periodic assessment, and there is no periodic investigation. So, I request the Government to appoint a Vigilance Cell in this regard not only for implementing it but also without any dilution, the concentration should reach hundred per cent to the ground level.

Sir, with these few lines, I hope that this Government will find a positive solution for the depressed community and will extend the reservation for another 50 years.

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : सर, भारतरत्न डा. बाबासाहेब अम्बेडकर जी ने संविधान में लिखा कि पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए दस वर्ष तक आरक्षण मिलना चाहिए। यह आजाद देश का दुर्भाग्य है कि आज ५० वर्ष के बाद भी, हम एक बिल ला रहे हैं। डा. बाबासाहेब की इच्छा थी कि पिछड़ी जाति के लोगों को सीखना चाहिए, शिक्षित होना चाहिए, एजूकेटिड होना चाहिए और अपना अधिकार प्राप्त करना चाहिए। उन्हें यह पता था कि अगर हम आरक्षण बढ़ाते जायेंगे तो जो लोग आरक्षित नहीं हैं, आज देश के ज्यादा से ज्यादा लोग आरक्षित नहीं हैं, उनके ऊपर अन्याय होगा। आप बोल रहे हैं कि पिज्ड़े वर्ग के लोगों पर अन्याय हो रहा है, लेकिन जो लोग आरक्षित नहीं हैं, उनके ऊपर कम अन्याय नहीं हो रहा है। हमारा कहना यह है कि दूसरे लोगों पर भी अन्याय नहीं होना चाहिए, यह मैं शिवसेना की राय आपके सामने रखना चाहता हूं। आज असंतोष की ज्वाला भड़क रही है। इससे पहले दिल्ली में आरक्षण के खिलाफ अंगार लगाकर नौ युवकों ने अपनी जान दी थी। गुजरात में आंदोलन हुआ था, वहां भी लोगों ने जान दी थी और देश के कई भागों में ऐसा आंदोलन हुआ था

... (व्यवधान)

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल : जान ली थी या जान दी थी

... (व्यवधान)

श्री मोहन रावले : अंगार लगाकर दिल्ली में जान दी थी

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : He has not yielded. Shri Rawale, please address the Chair.

... (Interruptions)

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल : गुजरात में आपने जान ली थी, वहां हमारे लोगों को मारा गया। यहां जो जले तो जले, उनको अभी भी जलना है तो जलें

... (व्यवधान)

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : सर, यह जो बोल रहे हैं, वह इन्हें वापस लेना चाहिए। वह बोल रहे हैं कि जो जले तो जले, क्या उनकी जान की कोई कीमत नहीं है, क्या आपकी जान की कीमत है

... (व्यवधान)

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल (पाटन): उन्होंने स्वेच्छा से किया, उन्हें हमने नहीं मारा। शेडयूल्ड कास्टस ने दिल्ली में किसी को नहीं मारा, गुजरात में हमें मारा गया

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Rawale, you please address the Chair.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I shall look into it.

... (Interruptions)

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : Sir, you should appreciate it. (Interruptions).

MR. CHAIRMAN: You will have your time. Then, you can speak.

... (Interruptions)

श्री मोहन रावले : सभापति महोदय, हम सदन में यह कहना चाहते हैं कि आज जाति-जाति में संघर्ष होने की बात आई है

... (व्यवधान)

डा. बाबासाहेब अम्बेडकर साहब को पता था इसीलिए उन्होंने दस वर्ष तक ही आरक्षण देने की राय रखी थी। यह दुर्भाग्य की बात है कि मंत्री रह चुके श्री बूटा सिंह जी ने एक बात रखी, जिससे मुझे दुख हुआ। वह ट्रेजरी बैंच में भी थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो वर्डिक्ट प्रोमोशन के ऊपर दी है, उन्हें क्या अधिकार था। मैं कहना चाहता हूं कि एक तरफ सारा सदन चाहता है कि न्याय व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए। कहीं आप डिफर हो सकते हैं। यह सदन हैं। मैं सुन रहा था

... (व्यवधान)

मैंने आपका नाम लिया है आप क्लेरिफिकेशन दे सकते हैं। सदन सुप्रीम है, आप उस बारे में संशोधन करके कुछ निर्णय ले सकते हैं, लेकिन न्याय व्यवस्था के ऊपर आप दबाव नहीं डाल सकते। आप न्याय व्य वस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, आप ट्रेजरी बैंच में रह चुके हैं।

श्री बूटा सिंह (जालौर): यह गलत कोट कर रहे हैं। सभापति जी, मैंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट में जो पार्ट ३ ऑफ दि कांस्टीट्यूशन है, उसे फंडामैंटल राइट माना है

... (व्यवधान)

How come that a Section of Clause 16 has been declared as an enabling provision whereas the whole article itself is a fundamental right? Who has given this right or constitutional re-writing to any court? I have the highest regard for Supreme Court and I have not criticised the decision as such.

श्री मोहन रावले : सुप्रीम कोर्ट ने न्याय व्यवस्था रखी है, मानिये कल को आपके लोग घोटाला

... (व्यवधान)

SHRI BUTA SINGH : We are the makers of the Constitution. What is this?(Interruptions).

MR. CHAIRMAN: Shri Rawale, you are going far away from the subject.

... (Interruptions)

श्री मोहन रावले : मैं सब्जैक्ट से बाहर नहीं जा रहा हूं, उन्होंने जो बात कही है मैं उस पर बोल रहा हूं

... (व्यवधान)

सभापति महोदय, जो उन्होंने कहा, जो मैंने सुना, वह मैं बोल रहा हूं। मैंने गौर से उनको सुना है। मेरा आग्रह है कि आप प्रोसीडिंग्स देख लीजिए। मैं उसी के बारे में बोल रहा हूं।

MR. CHAIRMAN (SHRI SOMNATH CHATTERJEE): He has given a clarification. You go on.

श्री मोहन रावले : सभापति महोदय, अगर किसी कर्मचारी को यह लगे कि मैं चाहे कितनी ही मेहनत कर लूं, दिल लगाकर चाहे जितना भी अच्छा काम कर लूं, मुझे कोई प्रमोशन मिलने वाली नहीं है, तो वह क्यों काम करेगा। यदि किसी कर्मचारी को यह मालूम हो कि मुझे अपनी जाति या धर्म के आधार पर प्रमोशन मिलने वाली है,

तो वह क्यों काम करेगा। इसलिए मै कहना चाहता हूं कि आरक्षण का प्रावधान करके आप राष्ट्र को नष्ट कर रहे हैं।

MR. CHAIRMAN: He has not cast reflection on the Supreme Court. You can very well go on.

श्री मोहन रावले : सभापति महोदय, मैं सब्जैक्ट पर ही बोल रहा हूं। जो मैं कह रहा हूं वह प्रमोशन से रिलेटेड है।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : Sir, let him make it clear whether he is supporting the Bill or opposing the Bill.

MR. CHAIRMAN: The Chair cannot dictate to anybody. You have to understand from his speech. Shri Rawale, my only request is that you restrict yourself to this very important subject.

श्री मोहन रावले : सभापति महोदय, जो मैंने सुना है, वह मैं कह रहा हूं।

MR. CHAIRMAN: You are entitled to say that.

श्री मोहन रावले : बूटा सिंह जी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को क्या अधिकार है ... (व्यवधान)

SHRI BUTA SINGH : Sir, let me make it clear that I have the deepest regard for the highest court in the country. But he is an expert in misquoting the people.

श्री मोहन रावले : सभापति महोदय, हमारी यह मांग है कि जो गरीब हैं या जो कमजोर वर्ग के लोग हैं, जिनकी स्थिति ठीक नहीं है, उसको मद्दे नजर रखते हुए उनके लिए भी आरक्षण होना चाहिए। यह मांग मैं सदन में रखना चाहता हूं।

इन्हीं शब्दों के साथ, सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

SHRI D. RAMA NAIDU (BAPATLA): Mr. Chairman, Sir, I welcome the Constitution (Eighty-fourth) Amendment Bill regarding extension of reservation policy for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the Lok Sabha and in the Legislative Assemblies of the States for a further period of ten years. This is a welcome gesture for the upliftment of the people belonging to weaker sections and for removing inequality and providing equal opportunity to downtrodden people.

I would like to appeal to the Government, through you, respected Sir, that the measures for the implementation of the reservation policy for Scheduled Castes and Scheduled Tribes should be taken in an improved way.

Whatever are the loopholes in the implementation mechanism, those should be thoroughly analysed and necessary steps taken for proper implementation. I personally feel that the Government should consider setting up a Review Committee for doing away with the loopholes in the implementation mechanism.

In Andhra Pradesh, Sir, our dynamic Chief Minister has been very liberal and has followed policies in such a way that even Scheduled Caste people contest from general seats and also win elections for MLAs. In addition, the Telugu Desam Party has also increased the percentage of Assembly seats allotted to Scheduled Castes and Scheduled Tribes from fourteen per cent and four per cent to fifteen per cent and six per cent respectively. Such principle should be followed in every State to encourage Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

I appeal to provide for proper reservation for women also so that they also get their share.

In the end, I am thankful to the hon. Speaker for giving me an opportunity to speak and also appeal to my colleagues and all hon. Members to support the Bill.

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति महोदय, सत्ता पक्ष के सदस्यों को देखा जाए, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के आरक्षण को दस वर्ष और बढ़ाने के लिए जो ८४वां संविधान संशोधन आया है, हम उसका समर्थन करेंगे, आप उसके पक्ष में तर्क देंगे, कहां-कहां गड़बड़ी, त्रुटि है, उसे सुधारने का सुझाव देंगे। ... (व्यवधान)

इनको बरदाश्त नहीं हुआ। क्या हाल है, जिस देश में इस तरह की हुकुमत होगी वहां कैसे अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों की तरक्की होगी। जिस सत्ता पक्ष के लोगों की मानसिकता इस प्रकार की है, उसमें कैसे तरक्की हो सकती है।

... (व्यवधान)

बिल लाए हैं, आपकी लाचारी है, आपके मन के भीतर क्या है, कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना। संविधान निर्माताओं ने महसूस किया कि जिस देश के करोड़ों लोग वंचित, शोषित, उपेक्षित रहेंगे, वह देश दुनिया के मुल्कों के साथ बराबर अथवा ताकतवर नहीं हो सकता, वह आगे के बैंच पर एक साथ दुनिया के मुल्कों के साथ नहीं बैठ सकता। डा. राम मनोहर लोहिया ने भी बार-बार कहा कि जिस देश में करोड़ों लोग इस तरह शोषित, उपेक्षित, वंचित और सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, शैक्षणिक ढंग से पिछड़े रहेंगे, दबे रहेंगे, वह देश तरक्की नहीं कर सकता, वह देश मजबूत नहीं हो सकता। इस सभी के आलोक में संविधान निर्माताओं ने आरक्षण का प्रावधान किया। बहुत लोगों की धारणा है, मैं उनके भाषण से असहमत हूं कि यह खैरात या उन पर कोई कृपा है। ऐसा नहीं है। यह भीख नहीं भागीदारी, सत्ता में हिस्सेदारी है। यह संविधान प्रदत्त अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का अधिकार है। इसलिए इसे खैरात कहकर किसी को हीन भावना से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। यह कोई दया या कृपा नहीं है, संविधान निर्माताओं ने उनको यह अधिकार दिया है। हम नहीं जानते, जिस समय संविधान बना, उसमें बार-बार संशोधन करके दस वर्ष, पंद्रह वर्ष जोड़-जोड़कर बढ़ाते रहे, फिर माननीय मंत्री जी ८४वां संविधान संशोधन लाए हैं। पहले अनुमान लगाया गया कि पंद्रह वर्षों में तरक्की हो जाएगी, फिर दस वर्ष और बढ़ा दिए, क्या कुछ हिसाब हुआ है कि पचास वर्षों में कितना सुधार हुआ है? पचास वर्षों में सुधार नहीं हुआ तो क्या आगे दस वर्ष और बढ़ा देने से सुधार हो जाएगा? क्या इसका कुछ विश्लेषण किया गया है? लेकिन मुझे इस बात से संतोष है कि माननीय कानून मंत्री ने यह वचन दिया है कि हम तीन दिन की कौन्फ्रैंस करेंगे और इस पर गहराई से बातचीत करेंगे। इससे हमको लगता है कि उनको चिन्ता है। पिछले वर्षों में सदन में बार-बार अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों पर जो ज्यादतियां हुई हैं, उस पर बहस होती रही है लेकिन ठोस रूप में उसका परिणाम नहीं आया कि इस देश में जो करोड़ों उपेक्षित, वंचित, शोषित लोग हैं, उनको किस तरह सहूलियत दी जाए और इस तरह का वातावरण कायम किया जाए जिससे उनको बराबरी का दर्जा मिल सके और सम्मान मिल सके। जो तीन दिन की कौन्फ्रैंस बुलाएंगे, हम सरकार से अपेक्षा करेंगे, उन्हें इस तरह की रिपोर्ट बनाकर देनी पड़ेगी कि पचास वर्षों में क्या स्थिति हुई और किस तरह से अनुमान लगाया गया है कि दस वर्ष और देने से उनको बराबरी का दर्जा मिल जाएगा। ये अंदाज से दस वर्ष बोल रहे हैं लेकिन हम चाहते हैं कि इसका समय-समय पर विश्लेषण होना चाहिए कि आरक्षण का जो प्रावधान किया गया है, उसके उद्देश्य की कितनी आपूर्ति होती है। बीच-बीच में कोर्ट वाला मसला आता है, यह ठीक है, हमने स्वीकार किया है कि जहां कहीं सर्विसेज हैं, उनमें आरक्षण दिया जाए लेकिन जजों की जो सेवाएं हैं उसमें आरक्षण का प्रावधान नहीं है। बार-बार मांग होती रही है कि ज्यूडीशियल सर्विसेस का कमीशन बनना चाहिए,

जिसमें आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए, उसको सरकार क्यों नहीं लाई है। इस पर कई बार सदन में बहस हुई है और सरकार की तरफ से कुछ लगा है कि सहमति जैसी है, लेकिन उसपर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी पर सदन में बहस हुई थी कि अनुसूचित जाति और जनजाति के जो अधिकारी काम करते हैं, सरकारी से

